Title: Need for proper utilisation of funds meant for development of villages affected by National Tiger Project in Sawai Madhopur in Rajasthan.

13.34 hrs

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : अध्यक्ष महोदय, भारतर्वा में अनेक राट्रीय बाघ परियोजनाएं हैं जिन में से एक सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र में है जिस का नाम रणथम्भौर बाघ अभयारण्य है। भारत सरकार ने इको डैवलपमैंट प्रोजेक्ट के तहत इस परियोजना को समृद्ध बनाने के लिए वर्ा 1997 चुना था। इस परियोजना का सम्पूर्ण व्यय भारत सरकार तथा वर्ल्ड बैंक के माध्यम से बाघ अभयारण्य से प्रभावित गांवों के विकास के लिए किया जाना था। इस परियोजना के लिए 38 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे जिन का व्यय गांवों में ई.डी.सी. कमेटी का गठन कर गांववासियों की सहभागिता से गांव के विकास पर किया जाना था लेकिन देखने में आया है कि इसमें गांववासियों की भागीदारी नगण्य है। वन विभाग के कर्मचारी इसका दुरुपयोग कर रहे हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से वन और पर्यावरण मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूं कि रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य के कारण लगभग 110 गांव प्रभावित हुए थे। इन गांवों के विकास के लिए भारत सरकार तथा वर्ल्ड बैंक द्वारा जो राशि स्वीकृत की गई है, उस राशि का उपयोग सुनिश्चित करने का कट करें।